# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा–माध्य/म.गा. व गुण.प्र./RKSMBK/61186/2021–22 दिनांक– 8.7.2022

**समस्त जिला कलक्टर ।**
**समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।**
**समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा।**
**समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा।**
**समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा।**
**समस्त पीईईओ/यूसीईईओ।**

**विषय–** माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा **"राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम"** कार्यक्रम के वर्चुअल लॉच के सीधे प्रसारण (Live Streaming) की अधिकाधिक पंहुच के संबंध में।

**प्रसंग–** शासन का पत्रांक प.17(1)शिक्षा–1/लर्निंग लॉस/विविध/2022 दिनांक 07.07.2022

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के क्रम में लेख है कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय की बजट घोषणा 2022 के बिन्दु संख्या 6 (iii) में कोविड़ काल के दौरान अध्ययन में हुई क्षति की भरपाई के लिए स्कूली विद्यार्थियों के लिए ब्रिज कार्यक्रम की घोषणा के क्रम में उनके द्वारा तद्–अनुरूप कक्षा 1 से 8 के विद्यार्थियों के रेमेडिएशन हेतु आरम्भ किया जाने वाले कार्यक्रम **"राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम"** का वर्चुअल लॉच एवं फील्ड ओरियन्टेशन कार्यक्रम का **उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री महोदय** द्वारा दिनांक 11 जुलाई 2022 (सोमवार) को किया जाएगा। इस कार्यक्रम में माननीय शिक्षा मंत्री महोदय, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री महोदया, मुख्य सचिव महोदया, अतिरिक्त मुख्य सचिव (शिक्षा) महोदय भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का समय 11:00 AM से 1.00 PM रहेगा तथा यह दो चरणों में संचालित होगा–

प्रथम चरण= 11:00 AM से 11:50 AM (कार्यक्रम का वर्चुअल उद्घाटन समारोह)
द्वितीय चरण= 11:50 AM से 1:00 PM (फील्ड ऑरियन्टेशन)

इस कार्यक्रम में निम्नांकित का वीसी द्वारा भाग लिया जाना है–

**<u>जिला स्तर पर DoIT के वीसी केंद्र में –</u>**

- समस्त जिला कलक्टर (कार्यक्रम के प्रथम चरण में उपस्थित रहेंगे)
- समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
- समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा।
- समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा।

**<u>ब्लॉक स्तर पर DoIT के वीसी केंद्र में –</u>**

- मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी,
- अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारीगण,
- आर.पी. आदि ।

**<u>पंचायत मुख्यालय स्थित राजीव गांधी सेवा केंद्र पर स्थित वीसी केंद्र</u>**

- समस्त पीईईओ एवं
- परिक्षेत्र के सभी विद्यालयों के संस्था प्रधान ।

**विद्यालयों में यूट्यूब लाइव प्रसारण/ आई.सी.टी.लैब/स्मार्ट टी.वी इत्यादि द्वारा**

- सभी शिक्षकगण यूट्यूब लाइव के लिंक से जुडेगें।
- शिक्षक यह भी सुनिश्चित करेगें कि लिंक प्राप्त होते ही सभी स्माइल ग्रुप्स मे भी साझा करेगें।
- जिन विद्यालयों में आई.सी.टी. लैब हैं, वहां पर लैब के माध्यम से शिक्षकगण तथा विद्यार्थी यूट्यूब लाइव के लिंक से जुडेगें।

○ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण निम्नलिखित माध्यम से उपलब्ध रहेगा:–

1. जिला व ब्लॉक मुख्यालयों पर वीडियो क्रॉन्फ्रेसिंग सेटअप के माध्यम से ।
2. ग्राम पंचायत स्तर राजीव गांधी सेवा केंद्र व e–मित्र प्लस मशीन।
3. यू–टयूब चेनल
4. Facebook
5. Webcast

○ कार्यक्रम का लिंक पृथक से व्हाट्सप / ई–मेल द्वारा साझा किया जाएगा।

○ समस्त पीईईओ / संस्था प्रधान उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा जिन माध्यमों से इसका प्रसारण विद्यालयों में किया जाना है, उनकी जांच एवं इंटरनेट कनेक्टिविटी की जांच दिनांक 09.07.2022 से पूर्व कर लें ताकि प्रसारण के समय रूकावट नहीं हो।

○ प्रत्येक संभागीय संयुक्त निदेशक महोदय, **"राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम"** के वर्चुअल लॉंच कार्यक्रम में जिला स्तर, ब्लॉक स्तर अधिकारियों, पंचायत मुख्यालय एवं विद्यालय में पीईईओं, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की भागीदारी के 10 छायाचित्र gni.dir.edu@gmail.com ई–मेल पर दोपहर 3.00 बजे तक उपलब्ध करवाएगें।

राजस्थान में **"राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम"** कार्यक्रम का वर्चुअल लॉच एवं फील्ड ओरियन्टेशन कार्यक्रम के इस प्रसारण के लिंक शत–प्रतिशत विद्यार्थियों एवं अध्यापकों तक पहुंच सुनिश्चित करते हुए लिंक को समस्त विद्यालयों, अध्यापकों एवं विद्यार्थियों में साझा कर कार्यक्रम के लाइव प्रसारण के लिए विद्यालयों में आवश्यक व्यवस्थाएं करावें।

**उक्त कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।**

**(गौरव अग्रवाल)**
आइ.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

**प्रतिलिपि** :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. विशिष्ट सहायक, माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार, जयपुर।
02. विशिष्ट सहायक, शिक्षामंत्री (प्रारम्भिक तथा माध्यमिक),संस्कृत शिक्षा,कला साहित्य,संस्कृति तथा ए.एस.आइ राजस्थान सरकार, जयपुर।
03. विशिष्ट सहायक, शिक्षा राज्य मंत्री, राजस्थान सरकार, जयपुर।
04. निजी सचिव, मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार, जयपुर।
05. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग एवं पंचायती राज (प्रार. शिक्षा) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
06. आयुक्त तथा राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा, स्कूल शिक्षा एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् सह विशिष्ट शासन सचिव, राजस्थान, जयपुर।
07. आयुक्त एवं संयुक्त निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग को भेजकर निवेदन है कि उक्त कार्यक्रम का प्रसारण ई–मित्र प्लस केन्द्र पर करवाना सुनिश्चित करे।
08. निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा एवं पंचायती राज (प्रारंभिक शिक्षा) विभाग, राजस्थान, बीकानेर।
09. निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर ।
10. प्राचार्य, आई.ए.एस.ई, बीकानेर / अजमेर।
11. प्रधानाचार्य, सादुल स्पोर्ट्स स्कूल, बीकानेर।
12. प्राचार्य, समस्त डाईट।
13. मैनेजर, गुरू नानक भवन संस्थान, जयपुर।
14. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
15. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
16. रक्षित पत्रावली।

उपनिदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान

**राजस्थान सरकार**
**शिक्षा (ग्रुप–1)विभाग**

क्रमांकः प.17(1)शिक्षा–1/लर्निंग लॉस/विविध/2022 जयपुर, दिनांकः 07-07-2022

**:: बैठक सूचना ::**

माननीय मुख्यमंत्री महोदय की बजट घोषणा संख्या 6(3) (वर्ष 2022–23) के अनुसरण में निर्देशानुसार कोराना काल में विद्यार्थियों के अधिगम मे हुई कमी की पूर्ति करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा **"राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम"** कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री महोदय के द्वारा दिनांक 11.07.2022 को प्रातः 11:00 किया जा रहा हैं। कार्यक्रम में शामिल होने हेतु निम्नांकित महानुभावों की उपरिथति सादर प्रार्थनीय है:–

**सीएमआर स्थित DoIT के वीसी के केंद्र पर**

1. माननीय शिक्षा मंत्री महोदय।
2. माननीय शिक्षा राज्य मंत्री महोदया।
3. मुख्य सचिव महोदया।
4. अतिरिक्त मुख्य सचिव (शिक्षा), स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग।
5. विशिष्ठ सचिव, संस्कृत शिक्षा विभाग।
6. निदेशक, माध्यमिक/प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर।
7. राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
8. निदेशक, आरएसआरसीईआरटी, उदयपुर।
9. सचिवालय स्थित शिक्षा के संयुक्त सचिव एवं उप सचिव स्तर के अधिकारीगण।
10. आर. ई. आई. पार्टनर बी.सी.जी के प्रतिनिधि।

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

**सचिवालय वीसी केंद्र पर**

1. सचिवालय के शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी गण।

**समसा कार्यालय, निदेशालय और आरएससीईआरटी, के वीसी केंद्रों पर**

1. वहां कार्यरत समस्त अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।

**जिला स्तर पर DoIT के वीसी केंद्र पर**

1. कलेक्टर महोदय।
2. संयुक्त निदेशक।
3. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी।
4. जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक एवं माध्यमिक।

**ब्लॉक स्तर पर DoIT के वीसी केंद्र पर**

1. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी।
2. अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारीगण।
3. आर.पी. आदि भाग लेंगे।

**पंचायत मुख्यालय स्थित राजीव गांधी सेवा केंद्र पर स्थित वीसी केंद्र पर**

1. पीईईओ एवं परिक्षेत्र के सभी विद्यालयों के संस्था प्रधान।

**यूट्यूब लाइव के माध्यम से**

1. विभाग के लगभग 3 लाख 70 हजार शिक्षक यूट्यूब लाइव के लिंक से जुडेगें।
2. विद्यालय में आईसीटी अथवा अन्य माध्यम से प्राप्त टीवी, कंप्यूटर इत्यादि डिजिटल माध्यम से लगभग 60 लाख विद्यार्थियों को कार्यक्रम के लाइव प्रसारण जो कि यूट्यूब पर प्रसारित होगा से जोड़ा जाएगा।

(भारतेन्द्र जैन)
**शासन उप सचिव, प्रथम**

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ/आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–**

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदय।
2. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा मंत्री महोदय।
3. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री महोदय।
4. वरिष्ठ शासन उप सचिव, मुख्य सचिव महोदया।
5. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा, भाषा, पुस्तकालय एवं पंचायती राज (प्रारम्भिक शिक्षा) एवं संस्कृत शिक्षा विभाग।
6. विशिष्ठ सचिव, संस्कृत शिक्षा विभाग।
7. निदेशक, माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर।
8. राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
9. समस्त जिला कलेक्टर।
10. निदेशक, आरएससीईआरटी, उदयपुर।
11. आर. ई. आई. पार्टनर, बी.सी.जी के प्रतिनिधि।
12. संयुक्त शासन सचिव/वरिष्ठ शासन उप सचिव/शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–2, 5, 6)/प्रारम्भिक शिक्षा/प्रारम्भिक शिक्षा (आयोजना) विभाग।
13. समस्त संयुक्त निदेशक।
14. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी।
15. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय (माध्यमिक/प्रारम्भिक)।
16. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी।
17. समस्त अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं समस्त आर.पी.।
18. समस्त पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी एवं समस्त संस्था प्रधान।
19. समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थी।
20. रक्षित पत्रावली।

**शासन उप सचिव, प्रथम**

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते